**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका संख्या** – 17 – भाड़े पर वाहन (विपत्र) –141 / 2020...1409

प्रेषक,

**मुकुल कुमार,**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :–13-04-2021

विषय :– वाहन हेतु निविदा प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से भाड़े पर वाहन रखने हेतु निविदा प्रकाशित करने के लिए सॉफ्ट / हार्ड प्रति में निविदा प्रारूप संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न निविदा को राज्य के प्रमुख कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी / अंग्रेजी) में अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक** : यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/4/21

**(मुकुल कुमार)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** – 17 – भाड़े पर वाहन (विपत्र) –141 / 2020...1409 **पटना, दिनांक** : 13-04-2021

**प्रतिलिपि** : आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना / सुश्री सुरभि सिंह, MIS & Analytic Cell Lead, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञापन संख्या– 01 / 2021–22 को विभागीय बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

12/4/21

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

# सूचना

## अति अल्पकालीन निविदा संख्या–01/2021–2022

केन्द्र प्रायोजित योजना DIGITAL INDIA LAND RECORDS MODERNIZATION PROGRAMME - DILRMP के अन्तर्गत भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं विशेष सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों के प्रगति की समीक्षा एवं क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय भ्रमण एवं अनुश्रवण आदि कार्यों के लिए भाड़े का वाहन यथा– इनोवा क्रिस्टा/टाटा सफारी/स्कॉर्पियो/सूमो/सूमो विक्टा/टवेरा/बोलेरो/ब्रेजा/टी0यू0भी0– 300/टी0यू0भी0–500/स्वीफ्ट/स्वीफ्ट डिजायर/ इण्डिगो एवं जाईलो की आवश्यकता है।

इच्छुक निविदादाता से भाड़े के वाहनों की आपूर्ति करने हेतु अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 28.04.2021 के अपराह्न 5:00 बजे तक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (वर्तमान स्थित कार्यालय–राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना–23) में निविदा आमंत्रित किया जाता है। इस संबंध में विस्तृत विज्ञापन विभागीय बेवसाईट www.dlrs.bih.nic.in/www.lrc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। इसके संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय के दूरभाष संख्या 0612–2283300 पर भी संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक विहित प्रपत्र में अपना आवेदन निर्धारित दिनांक 28.04.2021 के 5:00 बजे अपराह्न तक स्वयं अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (वर्तमान स्थित कार्यालय– राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना–23) को उपलब्ध करा सकते हैं। प्राप्त निविदा को दिनांक 29.04.2021 को अपराह्न 12:00 बजे खोला जायेगा।

12/4/21

**(मुकुल कुमार)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2021\Rakesh Kumar\Vehicle Tender\Suchana-11-2019-20-26- 12-04-2021.doc

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय**
**बिहार, पटना।**

**सं0 संख्या** : 17 – भाड़े पर वाहन (विपत्र) –141 / 2020................ **पटना, दिनांक** :

## अति अल्पकालीन निविदा
## निविदा संख्या– 01 / 2021–22

केन्द्र प्रायोजित योजना Digital India Land Records Modernization Programme DILRMP के अन्तर्गत भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में चल रहे विशेष भू–सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति, समीक्षा एवं बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष सर्वे हेतु गठित शिविरों में संचालित कार्यों तथा क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय भ्रमण एवं अनुश्रवण आदि कार्यों के लिए मासिक एवं दैनिक आधार पर भाड़े का वाहन यथा– इनोवा क्रिस्टा / टाटा सफारी / स्कॉर्पियो / सूमो / सूमो विक्टा / टवेरा / बोलेरो / ब्रेजा / टी0यू0भी0– 300 / टी0यू0भी0– 500 / स्वीफ्ट / स्वीफ्ट डिजायर / इण्डिगो एवं जाईलो की आवश्यकता है।

इच्छुक निविदादाता से भाड़े के वाहनों की आपूर्ति करने हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 28.04.2021 के पूर्वाह्न / अपराह्न 5:00 बजे तक भू–अभिलेख परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (वर्तमान स्थित कार्यालय– राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना–23) में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. **तकनीकी शर्तें :–**

(क) अग्रधन के रूप में मो0 20000 / – (बीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा, जो सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के पदनाम से भुगतेय होगा।

(ख) GST का निबंधन प्रमाण–पत्र।

(ग) वाहन आपूतिकर्त्ता को आयकर विभाग से निर्गत पैन कार्ड एवं विगत तीन वर्षों का आयकर रिर्टन दाखिल करने संबंधी अभिलेख निविदा पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(घ) संस्थान के काली सूची में दर्ज नहीं होने से संबंधित शपथ–पत्र मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ड.) अगर संस्थान साझेदारी फर्म के रूप में हो तो उसके अनुरूप निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(च) आपूर्ति किए जाने वाले उपरोक्त सभी वाहनों का निबंधन संख्या, मॉडल से संबंधित अभिलेख निविदा पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2. **वित्तीय शर्तें :–**

(क) आपूर्ति किये जाने वाले उपरोक्त सभी वाहनों का दर (सभी कर सहित) अपना दर उल्लेख करना अनिवार्य होगा। निविदित दर के स्वीकृति के उपरांत किसी अन्य दर का दावा मान्य नहीं होगा।

(ख) आपूर्ति किये जाने वाले मासिक वाहन का दर निम्न रूपेण देना अनिवार्य होगा :–

(i) प्रतिमाह ईंधन सहित (1800 कि0मी0 तक)
(ii) 1800 कि0मी0 से अधिक दूरी तय करने पर प्रति कि0मी0 दर

(ग) दैनिक आधार पर आपूर्ति किये जाने वाले वाहन का दर निम्न रूपेण देना अनिवार्य होगा :—

(i) ईंधन सहित दर प्रति कि0मी0।
(ii) न्यूनतम चार्जेबुल कि0मी0 प्रति दिन।
(iii) नाईट हॉल्ट चार्ज।

(घ) आपूर्तिकर्त्ता को किसी भी प्रकार का अग्रिम राशि देय नहीं होगा।

(ड.) भाड़े पर लिये गए वाहन का दैनिक रख—रखाव (चालक सहित) एवं उसमें मरम्मति आदि पर होने वाले व्यय इत्यादि वाहन मालिक/स्वामी द्वारा वहन किया जायेगा।

(च) वाहन का कागजात/टैक्स/बीमा आदि मोटरयान अधिनियम के अनुसार अद्यतन होना चाहिये। संबंधित कर एवं शुल्क की आदेयता की जिम्मेदारी वाहन मालिक/स्वामी की होगी। इसके अतिरिक्त टॉल टैक्स की राशि देय नहीं होगी।

(छ) वाहन उपयोग हेतु 24X7 भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के नियंत्रण में रहेगा। वाहन उपलब्ध नहीं रहने की दशा में एकमुश्त अथवा आंशिक रूप से उनके द्वारा समर्पित विपत्र में से राशि की कटौती की जा सकती है।

(ज) वाहन मालिक को विपत्र प्रत्येक माह के 7वीं तिथि को प्रस्तुत करना होगा। उनसे प्राप्त विपत्र में से आवश्यक देय कर की कटौती के उपरांत उनका भुगतान किया जायेगा।

(झ) दैनिक आधार पर स्वीकृत वाहनों के अतिरिक्त क्षेत्र भ्रमण हेतु अन्य वाहन उपलब्ध कराने की स्थिति में सबसे न्यूनतम दर पर स्वीकृत वाहन के अनुरूप किराया का भुगतान किया जायेगा।

(ञ) एक ही वाहन के लिए विभिन्न निविदा दाता द्वारा विभिन्न दर प्रतिवेदित होने की स्थिति में न्यूनतम प्रतिवेदित दर पर वाहन की सेवा प्राप्त करने हेतु एक से अधिक निविदा दाताओं का चयन करते हुए वाहन की सेवा प्राप्त की जा सकती है।

3. **अन्य शर्तें :—**

(क) तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग—अलग लिफाफे में सीलबन्द कर जमा करना होगा।

(ख) तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

(ग) निविदादाता द्वि—लिफाफा प्रणाली में दिनांक 28.04.2021 के पूर्वाहन/अपराह्न 5:00 बजे तक भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (वर्तमान स्थित कार्यालय—राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना—23) में निविदा जमा करा सकते हैं।

(घ) निविदा दिनांक 29.04.2021 के पूर्वाह्न/अपराह्न 12:00 बजे भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (वर्तमान स्थित कार्यालय—राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना—23) के समक्ष उनके कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को निविदा खोलते समय उपस्थित रहना अनिवार्य है।

(ड.) सफल निविदादाता को इस कार्य के लिये एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा करना होगा।

(च) सफल निविदादाता को आवश्यकतानुसार भाड़े का वाहन प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए उपलब्ध कराने हेतु एकरारनामा करना होगा। सेवा संतोषजनक होने पर एकरारनामा (Agreement) की अवधि विस्तारित की जा सकेगी।

(छ) निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय अस्वीकृत करने अथवा संशोधित करने का अधिकार निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सुरक्षित रहेगा।

(ज) एजेंसी (आपूर्तिकर्त्ता) द्वारा आपूर्ति किए गए वाहन में खराबी होने पर तुरन्त दूसरे वाहन की व्यवस्था करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर जितने दिन वाहन खराबी अथवा चालक की अनुपस्थिति के कारण वाहन उपयोग में नहीं लाया जा सकेगा उतने दिन के लिए अनुपातिक भाड़े का भुगतान नहीं किया जायेगा।

(झ) अवकाश के दिनों में भी आवश्यकता होने पर वाहन की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

(मुकुल कुमार)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

## भाड़े पर वाहन (मासिक) हेतु वित्तीय निविदा–प्रपत्र

| क्र0 | वाहन का प्रकार | | प्रतिमाह ईंधन सहित 1800 कि0मी0 | 1800 कि0मी0 से अतिरिक्त चलने पर प्रति कि0मी0 दर |
|---|---|---|---|---|
| | वाहन का नाम | ए0सी0 / नन ए0सी0 | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | ए0सी0 | | |
| | | नन ए0सी0 | | |

## भाड़े पर वाहन (दैनिक) हेतु वित्तीय निविदा–प्रपत्र

| क्र0 | वाहन का प्रकार | | ईंधन सहित दर प्रति कि0मी0 | न्यूनतम चार्जेबुल कि0मी0 प्रति दिन | नाईट हॉल्ट चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|
| | वाहन का नाम | ए0सी0 / नन ए0सी0 | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 |
| 1 | | ए0सी0 | | | |
| | | नन ए0सी0 | | | |